आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

अंतिम संस्कार

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का आज नई दिल्ली के निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सिख ग्रंथियों और डॉ. मनमोहन सिंह के परिजनों ने अंतिम संस्कार से पहले गुरबानी का पाठ किया। औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह व जगत प्रकाश नड्डा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अतिरिक्त कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने उन्हें अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने भी डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूर्व प्रधानमंत्री के पार्थिव शरीर को आज सुबह कांग्रेस मुख्यालय से अंत्येष्टि स्थल निगम बोध घाट लाया गया था। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को उनके निवास से कांग्रेस मुख्यालय लाया गया था जहां लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके अंतिम दर्शन किए। डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की आयु में बृहस्पतिवार को नई दिल्ली के एम्स में निधन हो गया था।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि कुल्लू ज़िले में प्रस्तावित जलोड़ी जोत सुरंग के निर्माण से क्षेत्र में पर्यटन को नई पहचान मिलेगी और केन्द्र सरकार ने इसके निर्माण को मंजूरी देकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि जलोड़ी जोत सुरंग के बनने से बंजार और आनी क्षेत्र वर्ष भर आपस में जुड़े रहेंगे और इलाके के लाखों लोग इससे लाभान्वित होंगे। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस सुरंग की लम्बाई लगभग 4 किलोमीटर होगी और इस पर एक हज़ार करोड़ रूपए की धनराशि खर्च होगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार हिमाचल प्रदेश का विशेष ध्यान रख रही है और सरकार ने मण्डी व कुल्लू ज़िले को जोड़ने वाली भुभू जोत सुरंग के निर्माण को भी मंजूरी दी है। जयराम ठाकुर ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का आभार जताया है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश के जनजातीय व ऊपरी क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों में रूक–रूक कर बर्फबारी का क्रम जारी है। चम्बा ज़िले के जनजातीय क्षेत्र पांगी में लगभग एक फुट ताज़ा बर्फबारी हो चुकी है और तापमान शून्य से काफी नीचे दर्ज किया जा रहा है। भरमौर इलाके में भी करीब आधा फुट हिमपात हुआ है। ज़िले में भारी बर्फबारी व वर्षा से बिजली के लगभग 70 ट्रांसफार्मर बंद पड़े हैं। लाहौल–स्पीति ज़िले के ऊपरी क्षेत्रों में भी एक से चार फुट तक बर्फबारी हुई है। किन्नौर ज़िले के छितकुल और अन्य स्थानों पर भी एक फुट से अधिक हिमपात हो चुका है। मनाली की ऊपरी चोटियों पर भी ताज़ा बर्फबारी हो रही है। शिमला ज़िले के डोडरा क्वार, चांशल और अन्य चोटियों पर ताज़ा हिमपात हो रहा है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि कल सुबह तक प्रदेश के ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी और अन्य भागों में वर्षा का क्रम जारी रहने की संभावना है।

............................................